# सीएमसीएलडीपी छात्र और प्रस्फुटन समिति के प्रयास से गुलाबी रंग में रंगा खैरीभुताई गांव



छिन्दवाड़ा जिला मुख्यालय से करीब 20 कि.मी. दूर स्थित ग्राम खैरीभुताई में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र राजकुमार मर्सकोले एवं ग्राम विकास प्रस्फुटिन समिति अध्यक्ष श्री मनीष यादव ने साथ मिलकर अपनी पंचायत खैरीभुताई को पिंक सिटी जयपुर की तर्ज पर गुलाबी गॉव बनाया है। स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की अलख जगा रहे इस गॉव का हर एक घर गुलाबी रंग में रंग चुका है गुलाबी रंग स्वच्छता का प्रतीक है। दूर से देखने पर गॉव एक अलग छबि में नजर आता है। इस घर को गुलाबी रंग से रंगने के लिए पहले लोगों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इससे पहले इन्होंने प्रत्येक घर में जाकर लोगों को स्वच्छता की जानकारी दी। करीब आठ दिन में गॉव का प्रत्येक घर गुलाबी हो गया। गॉव के प्रत्येक व्यक्ति ने संकल्प लिया है कि जिले का सबसे स्वच्छ और अच्छा गॉव बनायेंगे। खैरीभुताई में शराब बंदी के लिए भी नई पहल की गयी है। हाल ही में ग्रामसभा में यह निर्णय लिया गया कि यदि गॉव को कोई भी ग्रामीण शराब पीता है तो उस पर 500 रूपये का जुर्माना लगाया जावेगा।

### पूर्ण ओडीएफ गांव हुआ देवरी

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठयक्रम के छात्र बुधमान वासनिक एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सदस्यों ने मिलकर विकासखण्ड बिछुआ की ग्राम पंचायत देवरी को पूर्ण ओडीएफ किया। जिसके लिए वासनिक ने अपने ग्राम में महिलाओं एवं बच्चों की छोटी–छोटी टोली बनाकर कार्य किया। ग्राम में आने वाली समस्याओं को सबके मध्य में रखकर अधिकारियों को अपनी पंचायत में बुलाकर समस्याओं का समाधान किया। जिसमें सभी लोगों ने एकजुट होकर कार्य किया। सभी को अपने अपने घरों में शौचालय का निर्माण एवं उसके उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। विकासखण्ड समन्वयक ने सुबह 6 बजे ग्राम पहुँचकर लोगों को शौचालय उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

ग्राम को ओडीएफ होने के पश्चात बीएसडब्यू के छात्र का सम्मान विधायक श्री पंडित रमेश दुबे, चौरई द्वारा किया गया। साथ ही पूरी टीम को बधाई दी। विधायक ने ओडीएफ हुई पंचायत को विधायक निधि से 1 लाख रूपये देने की घोषणा की।